**COVID-19 के नियंत्रण के लिए स्वास्थ्य अधिकारी (HEALTH OFFICER) का आदेश संख्या 20-05d**
सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकालीन **<u>आइसोलेशन</u>** आदेश,
आदेश जारी किए जाने की तारीख: 3 अप्रैल, 2020, 4 मई, 2020, 8 जून, 2020 और 28 जुलाई, 2020 को संशोधित
यह आदेश स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा लिखित में रद्द किए जाने तक लागू रहेगा।

**आदेश का सार**

**केलीफोर्निया COVID-19 सर्वव्यापी महामारी के कारण आपातकाल की स्थिति में है।** नोवल कोरोनावायरस (COVID-19) का प्रसार Alameda काउंटी के अंदर जनता के स्वास्थ्य के लिए एक बड़ा खतरा है। COVID-19 ऐसे लोगों के बीच आसानी से फैल सकता है, जो एक दूसरे के करीबी संपर्क में हैं। यह आदेश कोरोनावायरस रोग 2019 (COVID-19) से ग्रस्त होने के कारण गंभीर रूप से बीमार होने या मौत होने के टाले जा सकने वाले जोखिम से जनता के जोखिम वाले लोगों को बचाने के लिए वर्तमान में ज्ञात और उपलब्ध वैज्ञानिक प्रमाण और सर्वोत्तम पद्धतियों के आधार पर जारी किया गया है। Alameda काउंटी ("काउंटी") की जनसंख्या के एक बड़े हिस्से की उम्र, स्थिति, और स्वास्थ्य उन्हें COVID-19 के कारण जान के खतरे के साथ-साथ स्वास्थ्य से जुड़ी गंभीर जटिलताओं के जोखिम में डालता है। लक्षण दिखाई देने से पहले ही संक्रमित लोगों, तथा कुछ ऐसे लोगों से जिनमें कोई लक्षण नज़र नहीं आते, उनसे बीमारी फैलने के जोखिम के बारे में मजबूत प्रमाण हैं। इस प्रकार, लक्षण के किसी भी स्तर वाले (कोई लक्षण नहीं, कम लक्षण या गंभीर लक्षण वाले) COVID-19 से ग्रस्त व्यक्ति जनता में दूसरे अधिक जोखिम वाले लोगों को अत्यधिक खतरे में डाल सकते हैं। वर्तमान में COVID-19 से बचाव के लिए कोई वैक्सीन उपलब्ध नहीं है और कोई विशेष इलाज नहीं है।

COVID-19 के प्रसार को कम करने, जोखिम वाले लोगों को बचाने, और Alameda काउंटी में स्वास्थ्य देखभाल सिस्टम पर बहुत ज्यादा भार डालने से बचने के लिए Alameda काउंटी सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग (Alameda County Public Health Department) ("सार्वजनिक स्वास्थ्य") के लिए COVID-19 से ग्रस्त व्यक्तियों को आइसोलेट करना जरूरी है।

**केलीफोर्निया स्वास्थ्य एवं सुरक्षा कोड (CALIFORNIA HEALTH AND SAFETY CODE) के सेक्शन 101040, 101085, और 120175 के तहत अधिकार का प्रयोग करते हुए ALAMEDA काउंटी के स्वास्थ्य अधिकारी (HEALTH OFFICER) यह आदेश देते हैं:**

**COVID-19 से ग्रस्त पाए गए या इसकी संभावना वाले सभी व्यक्तियों को अपने आप को आइसोलेट करना होगा। इन व्यक्तियों को इस आदेश में दिए गए और इस आदेश में उल्लिखित सार्वजनिक स्वास्थ्य दिशानिर्देश दस्तावेजों में दिए गए सभी निर्देशों का पालन करना होगा।**

**इस आदेश का उल्लंघन करना अपराध है जिसके लिए $10,000 तक का जुर्माना और/या एक वर्ष की जेल की सजा हो सकती है। (स्वास्थ्य एवं सुरक्षा कोड §§ 120295 et seq.; Cal. दंड कोड §§ 69 & 148)**

## *COVID-19 से ग्रस्त पाए गए या इसकी संभावना वाले व्यक्तियों के लिए आइसोलेशन की अपेक्षाएं*

**A. COVID-19 से ग्रस्त पाए गए या इसकी संभावना वाले सभी व्यक्तियों को तुरंत निम्नलिखित काम करने चाहिए:**

1. **अपने आप को** अपने घर या किसी दूसरे स्थान पर **आइसोलेट करें**। वे जरूरी डॉक्टरी देखभाल लेने के सिवाय, अपने आइसोलेशन स्थान को नहीं छोड़ेंगे या किसी दूसरे सार्वजनिक या निजी स्थान में नहीं जाएंगे।
2. http://www.acphd.org/2019-ncov/resources/quarantine-and-isolation में पोस्ट किए गए और इस आदेश के साथ दिए गए "घर पर आइसोलेशन के निर्देश" ("Home Isolation Instructions") में दी गई सभी अपेक्षाओं को ध्यान से पढ़ें और इनका अच्छी तरह से पालन करें
3. उनके करीबी संपर्क वाले व्यक्तियों को बताएं कि उन्हें अपने आप को क्वारन्टीन करने की जरूरत है। करीबी संपर्क वाले व्यक्ति, जिन्हें अपने आप को क्वारन्टीन करने के लिए सूचित किया जाना चाहिए, वे लोग हैं जो संक्रामक अवधि के दौरान उनके साथ थे। संक्रामक अवधि लक्षण दिखाई देना शुरू होने (लक्षण न होने की स्थिति में जाँच परिणाम पॉज़िटिव आने की तारीख) से 48 घंटे पहले से शुरू होती है और आइसोलेशन अवधि पूरी होने पर समाप्त होती है (नीचे सेक्शन C देखें)। करीबी संपर्क वाले व्यक्ति ऐसे व्यक्ति होते हैं जो:
   - उनके घर में रहते हैं या रहे हैं या
   - अंतरंग सेक्सुअल पार्टनर हैं या
   - मास्क, गाउन, और दस्ताने पहने बिना उनकी देखभाल करते हैं या देखभाल की है या
   - लंबे समय (>15 मिनट) के लिए किसी केस के 6 फीट के दायरे में थे।
4. उन्हें http://www.acphd.org/2019-ncov/resources/quarantine-and-isolation पर दिए गए "घर पर क्वारन्टीन के निर्देश" ("Home Quarantine Instructions") को देखने के लिए कहें जिनमें परिवार के संपर्क व्यक्तियों, अंतरंग पार्टनर्स, और देखभाल करने वालों तथा करीबी संपर्क में आने वाले दूसरे लोगों द्वारा COVID-19 को फैलाने से रोकने के लिए उठाए जाने वाले कदमों के बारे में बताया गया है। करीबी संपर्क में आने वाले व्यक्ति संभवतः COVID-19 के संपर्क में आ चुके हैं, और संक्रमित होने की स्थिति में वे आसानी से COVID-19 को दूसरे लोगों में फैला सकते हैं, चाहे उनमें बहुत हल्के लक्षण ही क्यों न हों।

**B. ऐसे व्यक्तियों को अपने आपको आइसोलेट करने की जरूरत है क्योंकि वे COVID-19 से ग्रस्त हैं या होने की संभावना है।**

यह निर्धारण निम्नलिखित में से किसी एक या अधिक कारकों पर आधारित है:

1. COVID-19 उत्पन्न करने वाले कोरोनावायरस (जिसे SARS-CoV-2 के नाम से जाना जाता है) के लिए लैब में परीक्षण का पॉज़िटिव आना
2. COVID-19 से ग्रस्त व्यक्ति या इससे ग्रस्त होने की संभावना वाले किसी व्यक्ति के करीबी संपर्क में आने के 14 दिन के अंदर COVID-19 के अनुरूप संकेत और लक्षण दिखाई देना या

3. किसी स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता ने उस व्यक्ति को बताया है कि उसके COVID-19 से ग्रस्त होने की संभावना है।

अपने आप को आइसोलेशन में रखना जरूरी है क्योंकि COVID-19 से ग्रस्त या ग्रस्त होने की संभावना वाला व्यक्ति आसानी से यह वायरस दूसरों में फैला सकता है। आइसोलेशन इन बीमार लोगों को दूसरों से अलग कर देता है जिससे COVID-19 को फैलने से रोका जा सकता है।

**C. आइसोलेट किए गए लोगों को अपने आप को किसी घर में आइसोलेट करना होगा और इस आदेश में दिए गए सभी निर्देशों का तब तक पालन करना होगा, जब तक उनके द्वारा निम्नलिखित मानदंडों के आधार पर COVID-19 को फैलाने का जोखिम न रहे:**

1. स्वस्थ होने के बाद कम से कम 1 दिन (24 घंटे) का समय बीत गया हो, जिसे बुखार कम करने वाली दवाई लिए बिना बुखार न आने और खांसी, साँस फूलने और दूसरे लक्षणों में सुधार के रूप में परिभाषित किया गया है; और

   उनके लक्षण शुरू होने के बाद कम से कम 10 दिन गुजर गए हों; जो भी बाद में हो।

2. पॉज़िटिव परीक्षण वाले ऐसे व्यक्तियों, जिनमें कभी कोई लक्षण उत्पन्न नहीं हुए, को पहले पॉज़िटिव जाँच परीक्षण की तारीख से 10 दिन के लिए अपने आप को आइसोलेट करना होगा।

यदि कोई ऐसा व्यक्ति जो इस आदेश के अधीन है, इस आदेश का उल्लंघन करता है या इस आदेश का पालन करने में विफल रहता है, तो स्वास्थ्य अधिकारी सार्वजनिक स्वास्थ्य की रक्षा करने के लिए अतिरिक्त कार्रवाई(इयाँ) कर सकता है, जिसमें सिविल नज़रबंदी या किसी व्यक्ति को किसी स्वास्थ्य सुविधा-केंद्र या दूसरे स्थान में रखना शामिल हो सकता है। इस आदेश का उल्लंघन करना भी एक छोटा अपराध है जिसके लिए कैद, जुर्माना या दोनों की सजा हो सकती है।

**यह आदेश दिया जाता है:**

28 जुलाई, 2020

डॉ. निकोलस जे. मॉस
अंतरिम स्वास्थ्य अधिकारी (Interim Health Officer), Alameda काउंटी

तारीख